

## पिंक बॉल को मिले रिवर्स स्विंग इसलिए हाथ से की गई सिलाई

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोलकाता स्थित ईडन गार्डेंस स्टेडियम पहली बार भारत और बांग्लादेश के बीच शुक्रवार से शुरू होने वाले पहले ऐतिहासिक दिन–रात टेस्ट मैच के लिए पूरी तरह से तैयार है। दिन–रात टेस्ट मैच गुलाबी गेंद से खेला जाएगा और इस मैच को लेकर अब सबकी नजरें इस बात पर लगी हुई हैं कि क्या इस मैच में यह गेंद रिवर्स स्विंग होगी या नहीं। इस बीच, बीसीसीआई के एक अधिकारी ने बताया कि मैदान पर रिवर्स स्विंग हासिल करने के लिए गुलाबी गेंद की सिलाई हाथ से की गई है ताकि यह रिवर्स स्विंग में मददगार साबित हो सके। अधिकारी ने कहा, श्गुलाबी गेंद को हाथ से सिलकर तैयार किया गया है ताकि यह अधिक से अधिक रिवर्स स्विंग हो सके।

# कजाकिस्तान की राजधानी में होगी भारत और पाक के बीच भिड़ंत

## अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने इस मुकाबले के लिए वेन्यू की घोषणा की

**सस्पेंस खत्म**

भारत और पाक के बीच मुकाबले कहां होंगे इसका जवाब मिल गया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबला नूर सुल्तान में खेलेगी। इस तरह अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने कजाकिस्तान की राजधानी को इस मुकाबले की मेजबानी सौंपकर वेन्यू को लेकर सस्पेंस खत्म कर दिया है। आईटीएफ के स्वतंत्र ट्रिब्यूनल ने चार नवंबर को डेविस कप समिति द्वारा लिए गए फैसले पर मुहर लगाई कि यह मुकाबला तटस्थ स्थान पर खेला जाना चाहिए। पाकिस्तान टेनिस महासंघ ने फैसले के खिलाफ अपील की थी। उसने कहा था कि यदि भारतीय तीर्थयात्री बिना किसी सुरक्षा खतरे के पाकिस्तान जा सकते हैं तो भारतीय टीम इस्लामाबाद में मैच क्यो नहीं खेल सकती। एआईटीए के सीईओ अख्तूरी विश्वदीप ने कहा, 'आईटीएफ ने हमें बताया है कि मुकाबला नूर सुल्तान में होगा। हमें नहीं पता कि पीटीएफ की अपील खारिज हुई है या नहीं। हमें देर रात को मिली सूचना में नए वेन्यू के बारे में बताया गया।' मुकाबला 29–30 नवंबर को खेला जाना है। पहले इसे सितंबर में होना था, लेकिन खिलाड़ियों की सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए भारत ने इसे तटस्थ स्थान पर आयोजित कराने की मांग की थी। भारत ने अपनी पूरी मजबूत टीम का ऐलान किया था क्योंकि पाकिस्तान जाने से इनकार करने वाले सभी शीर्ष खिलाड़ी तटस्थ स्थान पर खेलने को तैयार हैं। भारतीय टीम की अगुवाई सुमित नागल और रामकुमार रामनाथन करेंगे, जबकि लिएंडर पेस और जीवन नेदुंचेझियान युगल खेलेंगे। रोहन बोपन्ना ने कंधे की चोट के कारण नाम वापिस ले लिया है।



### आईटीएफ ने पाक की अपील खारिज की

नयी दिल्ली। भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ डेविस कप मुकाबला नूर सुल्तान में खेलेगी चूंकि अंतरराष्ट्रीय टेनिस महासंघ ने पाकिस्तान की अपील खारिज करके कजाखस्तान की राजधानी को इस मुकाबले की मेजबानी सौंप दी है। पाकिस्तान टेनिस महासंघ ने फैसले के खिलाफ अपील की थी। उसने कहा था कि यदि भारतीय तीर्थयात्री बिना किसी सुरक्षा खतरे के पाकिस्तान जा सकते हैं तो भारतीय टीम इस्लामाबाद में मैच क्यों नहीं खेल सकती। आईटीएफ के स्वतंत्र ट्रिब्यूनल ने चार नवंबर को डेविस कप समिति द्वारा लिये गए फैसले पर मुहर लगाई कि यह मुकाबला तटस्थ स्थान पर खेला जाना चाहिये। आईटीएफ ने एक बयान में कहा ,'' पाकिस्तान टेनिस महासंघ ने इस्लामाबाद से मैच अन्यत्र स्थानांतरित करने के डेविस कप समिति के फैसले के खिलाफ अपील की थी । स्वतंत्र ट्रिब्यूनल ने 18 नवंबर को यह अपील खारिज कर दी।''डेविस कप के नियमों के तहत डेविस कप समिति ने नूर सुल्तान को मेजबान के तौर पर चुना है जहां 29 . 30 नवंबर को यह मुकाबला होगा ।'

# 'लेंथ' में बदलाव करके बल्लेबाजों को चकमा दूंगाः शमी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने कहा कि भारतीय टीम शुक्रवार से कोलकाता में शुरू हो रहे दिन रात के टेस्ट में जब बांग्लादेश से खेलेगी तो बल्लेबाजों को चकमा देने के लिए वह गेंद की लेंथ में बदलाव करते रहेंगे।

शानदार फॉर्म में चल रहे शमी ने इंदौर में पहले टेस्ट में सात विकेट लिए थे। उन्होंने पहली पारी में 27 रन देकर तीन विकेट लिए थे और दूसरी पारी में 31 रन देकर चार बल्लेबाजों को पविलियन भेजा था। उन्होंने कहा कि इस ऐतिहासिक टेस्ट मैच के लिए वह चीजों को सिंपल रखना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'गेंदबाजों को विकेट पर नजरें बनाए रखनी होगी। पिच धीमी होने पर मुझे अतिरिक्त प्रयास करने होंगे और जब बल्लेबाज असहज नजर आए तो दबाव बनाना होगा । लेंथ में बदलाव करते रहने होंगे।'



इस बीच भारत के पूर्व कप्तान सुनील गावसकर ने इंदौर टेस्ट में दोहरा शतक जमाने वाले मयंक अग्रवाल को चेताया है कि बांग्लादेशी टीम आने वाले मैचों में उनके सामने बेहतर तैयारी के साथ उतरेगी। उन्होंने कहा, 'वह टेस्ट क्रिकेट का मजा ले रहे हैं। यह उसका पहला साल है और उम्मीद है कि वह आगामी सत्र में भी लय कायम रखेगी लेकिन अब विरोधी टीम उसके खिलाफ अधिक तैयारी के साथ उतरेगी ।'

भारत के पूर्व बल्लेबाज गौतम गंभीर ने कहा कि भारत के पास मुकम्मिल गेंदबाजी आक्रमण है। उन्होंने कहा, 'कुछ टीमों के पास अच्छे तेज गेंदबाज और कुछ के पास अच्छे स्पिनर हैं लेकिन भारत के पास दो अच्छे स्पिनर और तीन अच्छे तेज गेंदबाज हैं। जसप्रीत बुमराह और भुवनेश्वर कुमार तो खेल भी नहीं रहे हैं यानी कुल मिलाकर आठ अच्छे गेंदबाज हैं और यही वजह है कि पिछले दो साल में भारत ने कई बार टीमों को आल आउट किया है।'

### संजीव राजपुत एक अंक से फाइनल में जगह बनाने से चूके

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पुतियान। भारतीय निशानेबाज संजीव राजपूत राइफल और पिस्टल के शीर्ष निशानेबाजों के प्रतिष्ठित विश्व कप फाइनल्स में मंगलवार को यहां खिताबी मुकाबले में जगह पक्की करने वाले अंतिम आठ खिलाड़ियों में अपना स्थान बनाने से एक अंक से चूक गये। चेक गणराज्य के उभरते हुए निशानेबाज फिलिप नेपेज्चाल और ब्रिटेन की सिओनैड मैकइंटोश ने पहले दिन क्रमश पुरुषों और महिलाओं के 50 मीटर थ्री पोजीशन में स्वर्ण पदक हासिल किये। पहले ही ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके राजपूत 1153 अंक के साथ नौवें स्थान पर रहे। पोलैंड के निशानेबाज तोमास्ज ब्रातनिक ने आठवां और आखिरी क्वालीफाइंग स्थान 1154 अंक के साथ हासिल किया। संजीव अगर आखिरी दो निशाने 10–10 अंक के लगाते तो ब्रातनिक की बराबरी कर सकते थे। अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ के साल के इस आखिरी टूर्नामेंट की इस स्पर्धा में जगह बनाने वाले दूसरे भारतीय अखिल श्योरण 1147 अंक के साथ 13वें स्थान पर रहे। महिलाओं की थ्री पोजीशन स्पर्धा में अंजुम मोदगिल भी फाइनल के लिए क्वालीफाई करने वाले शीर्ष आठ निशानेबाजों में जगह नहीं बना पायी।

## न्यूज डायरी



### मारपीट मामले में शहादत हुसैन पर पांच साल का बैन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**
ढाका। बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड ने मंगलवार को राष्ट्रीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज शहादत हुसैन को मैच के दौरान टीम के साथी से मारपीट के कारण पांच साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया, जिसमें दो साल की सजा निलंबित है। अंपायरों ने शहादत की शिकायत की थी, जिन्हें रविवार को राष्ट्रीय क्रिकेट लीग के मैच के दौरान टीम के साथी को थप्पड़ और लात मारते देखा गया था। बोर्ड ने बताया कि राष्ट्रीय महासंघ ने दो साल के प्रतिबंध को निलंबित रखा है लेकिन शारीरिक हमले का आरोप स्वीकार करने वाले शहादत पर तीन लाख टका (3540 डॉलर) का जुर्माना भी लगाया गया है। बोर्ड के अधिकारी के अनुसार ढाका और खुलना के बीच मैच के दौरान गेंद को कैसे चमकाया जाए इस पर बहस के बाद 33 साल के शहादत ने युवा गेंदबाज अराफात सनी जूनियर पर हमला कर दिया था।

### अभी तक बाबर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन सामने नहीं आयाः पॉन्टिंग

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के बीच 21 नवंबर से दो टेस्ट मैचों की सीरीज का आगाज हो रहा है। इस सीरीज से पहले पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान रिकी पॉन्टिंग ने युवा पाकिस्तानी खिलाड़ी बाबर आजम की खूब तारीफ की है। पॉन्टिंग ने आजम से काफी प्रभावित नजर आ रहे हैं। उन्होंने कहा आजम एक शानदार खिलाड़ी हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अभी सामने नहीं आया है। क्रिकेट.डॉट.एयू से बातचीत में उन्होंने कहा, श्बाबर आजम एक शानदार खिलाड़ी हैं, मैंने उनका टेस्ट प्रदर्शन देखा। 20 टेस्ट मैचों में उन्होंने करीब 35 के औसत से रन बनाए हैं। वह इससे बहुत बेहतर खिलाड़ी हैं। वनडे में उनका औसत 54 से अधिक है और स्ट्राइक रेट करीब 90 (87.08) का है।

### राहुल और श्यामली ने जीती 35वीं इंदिरा मैराथन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** प्रयागराज। पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर मंगलवार को यहां आयोजित 35वीं इंदिरा मैराथन दौड़ पुरुष वर्ग में अमेठी के राहुल कुमार पाल और महिला वर्ग में पश्चिम बंगाल के रानीगंज की श्यामली सिंह ने जीती।खेल विभाग और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 42.195 किलोमीटर की इस मैराथन में राहुल ने दो घंटे 28 मिनट में दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि महिला वर्ग में श्यामली ने दो घंटे 53 मिनट में यह दौड़ पूरी कर प्रथम स्थान हासिल किया।जिला सूचना विभाग के मुताबिक, प्रथम स्थान प्राप्त इन दोनों धावकों को दो–दो लाख रुपये का चेक और एक–एक शील्ड प्रदान की गई।पुरुष वर्ग में दूसरे स्थान पर गाजीपुर के हरेंद्र चौहान और तीसरे स्थान पर पुणे के हेतराम रहे जिन्हें क्रमशः एक लाख रुपये और 75 हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया।

### एनआरएआई ने राजेश्वरी कुमारी के महिला ट्रैप राष्ट्रीय रिकार्ड की पुष्टि की

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नयी दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने पुष्टि की है कि पंजाब की राजेश्वरी कुमार ने यहां चल रही 63वीं राष्ट्रीय शाटगन निशानेबाजी चैंपियनशिप के दौरान महिला ट्रैप स्पर्धा में राष्ट्रीय रिकार्ड बनाया। राजेश्वरी ने क्वालीफाइंग में 125 में से 118 अंक जुटाए और फिर स्पर्धा में रजत पदक जीतने में सफल रही। उन्होंने 69 निशानेबाजों के बीच 24, 23, 24, 24 और 23 की सीरीज बनाई। राजेश्वरी का क्वालीफाइंग स्कोर पिछले रिकार्ड से दो अंक बेहतर है जो संयुक्त रूप से अनुभवी महिला ट्रैप निशानेबाजों सीमा तोमर, श्रेयसी सिंह और मनीषा कीर के नाम था। राजेश्वरी ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, "मैं हालांकि स्वर्ण पदक से चूक गई लेकिन मुझे फिर भी राष्ट्रीय रिकार्ड बनाने का गर्व है। मैंने कुछ बड़े नामों को पछाड़ा। एक समय मेरे पिता के नाम पर भी रिकार्ड था और मुझे खुशी है कि वह अपने आदर्श की बराबरी कर पाई।'' सीमा, श्रेयसी और मनीषा तीनों ने 2018 में 116 अंक जुटाए थे।